# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक :रू.वि. / प0नि0का0 / 2026 / 1410 दिनांकः—18.09.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025—26 के स्नातक / परास्नातक स्तर पर द्वितीय सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली (प्रथम वर्ष) के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित छात्र / छात्राओं के अधिकांश पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिये गये है / किये जा रहे है। कतिपय महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समयसीमा में आन्तरिक / बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाने के कारण संबंधित छात्र / छात्राओं के परीक्षाफल अपूर्ण / अघोषित है। महाविद्यालयों द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक / बाह्य प्रयोगात्मक के अंक अपलोड किये जाने हेतु समर्थ पोर्टल पुनः ओपन किये जाने का अनुरोध एवं छात्रहित के दृष्टिगत विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आन्तरिक / बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु दिनांक **19.09.2026 सें 22.09.2026** के मध्य समर्थ पोर्टल पुनः ओपन किये जाने का निर्णय लिया गया है। दिनॉक **22.09.2026** के बाद किसी भी दशा में अंक स्वीकार नहीं किये जायेगें तथा ऐसे महाविद्यालय जो इस मध्य अंक अपलोड नहीं करते हैं उनका परीक्षाफल घोषित करना संभव नहीं होगा तथा इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा। शेष नियम पूर्ववत् रहेगें।

आपसे अनुरोध है कि कृपया प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रमों के प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के अंक निर्धारित समयावधि में समर्थ पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें, ताकि परीक्षाफल घोषित किये जाने के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

**नोट—सूच्य हो कि—**

1. **महाविद्यालयों द्वारा संपन्न करवाई गई प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बाह्य एवं आंतरिक अंक, थ्योरीवोकेशनल, मेजर—माइनर विषयों के आंतरिक अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड होने हैं इसके लिए प्रिंसिपल लॉगिन आईडी का उपयोग करते हुए संलग्न फ्लो चार्ट के अनुरूप अंक अपलोड करने होंगे।**
2. **कोई भी महाविद्यालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से एड इवेलुएटर एवं ऐड इवेलुएटर कंपोनेंट वाइज (Add evaluator/add evaluator component wise) ऑप्शन का उपयोग नहीं करेगा, ना ही महाविद्यालयों को इवेलुएटर असाइन करने का अधिकार दिया गया है।**
3. **उक्त प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया इस नंबर पर संपर्क करें।**

**नोट— आपसे अनुरोध है कि कृपया बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के अंक समर्थ पोर्टल पर सावधानीपूर्वक अपलोड करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आप स्वयं उत्तरदायी होगें।**

भवदीय
18.9.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
2. मीडिया प्रभारी।
3. उप—कुलसचिव (गोपनीय)।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
6. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
7. वै0 सहायक, कुलसचिव।

18.9.26
परीक्षा नियंत्रक